| निर्माण | नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने को नए लिंक एक्सप्रेसवे के लिए तैयार हुआ ब्लू प्रिंट

# नोएडा में लिंक एक्सप्रेसवे 83 किमी लंबा होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा गंगा एक्सप्रेसवे अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर एयरपोर्ट से जुड़ेगा। इससे देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को इस एक्सप्रेसवे के जरिए प्रयागराज तक सीधी कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इसके लिए गौतमबुद्धनगर से मेरठ तक वाया बुलंदशहर नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। इस पर 4000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह लिंक एक्सप्रेसवे 83 किलोमीटर लंबा होगा।



## चारों लिंक एक्सप्रेसवे की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में चार नए लिंक एक्सप्रेसवे का ऐलान करते हुए कहा था कि बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में बन रहे विश्वस्तरीय एयरपोर्ट को एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाए। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे भी बनाया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाना चाहिए।

यूपी सरकार के निर्देश पर यूपीडा ने हाल में सलाहकार कंपनी रेडिकान इंडिया के जरिये इस प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का सर्वे कराया था। उसने इस एक्सप्रेसवे की फिजीबिलिटी स्टडी व सर्वे रिपोर्ट यूपीडा को दी है। इसके मुताबिक गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर के 57 गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां से यह एक्सप्रेसवे गुजरेगा। इसके लिए 1000 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी। यह जमीन किसानों से खरीदी जाएगी या अधिग्रहीत होगी। जेवर एयरपोर्ट से जुड़ने से गंगा एक्सप्रेसवे की उपयोगिता और बढ़ जाएगी।